# कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : न-5(6)पु.फो./उ.नि.भर्ती/अनु.12/2026/3812 दिनांकः 23 जुलाई, 2026

## प्रेस-नोट

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 05.04.2026 एवं 06.04.2026 को आयोजित कर परीक्षा का परिणाम दिनांक 19.06.2026 को जारी किया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 20798 अभ्यर्थियों का पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित बोर्ड द्वारा दिनांक 03.08.2026 से 12.08.2026 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) रेंज मुख्यालय-जयपुर (दो स्थान पर), उदयपुर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर एवं अजमेर में लिया जाना प्रस्तावित है।

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी, महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर के स्थाई आदेश संख्या-10/2025 में अंकित पाठ्यक्रम के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु तैयारी रखें। अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु शीघ्र प्रवेश-पत्र जारी किये जाएंगे, जो अभ्यर्थी अपनी SSO ID के माध्यम से डाउन लोड कर सकेंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षा में बोर्ड के समक्ष नियत तिथि एवं समय पर अपना प्रवेश-पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज सहित उपस्थित होंगें। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु पुलिस विभाग की वैबसाईट www.police.rajasthan.gov.in पर देखते रहें। अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु विभाग द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित अखबार एवं राजस्थान पुलिस वैबसाईट के माध्यम से अवगत कराया जावेगा, अभ्यर्थियो को अलग से सूचित नहीं किया जावेगा।

मनोज
23.7.26

**(मनोज कुमार)**
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान, जयपुर।

**प्रतिलिपि : आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को भेजकर निवेदन है कि उक्त प्रेस नोट को RPSC की वैबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को सूचित करावें।
2. संयुक्त निदेशक, प्रचार, सीआईडी सीबी, पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर को उक्त प्रेस-नोट को सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
3. प्रभारी पुलिस वैबसाईट, एस.सी.आर.बी., पुलिस मुख्यालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त प्रेस-नोट एवं महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर के स्थाई आदेश 10/2025 को विभाग की बैबसाईट पर अपलोड करावें।

मनोज

उप महानिरीक्षक पुलिस,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान, जयपुर।